**25 फरवरी को भा.प्र.सं. रायपुर में युवा-20 परामर्श कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में माननीय केंद्रीय मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर का आगमन होगा**

**रायपुर, छत्तीसगढ़, 23 फरवरी 2023:** भारतीय प्रबंध संस्थान (भा.प्र.सं.) रायपुर 25 फरवरी 2023 को युवा 20 (वाई20) परामर्श कार्यक्रम की मेजबानी करने जा रहा है। यह कार्यक्रम भा.प्र.सं. रायपुर के निदेशक डॉ. राम कुमार ककनी द्वारा उद्घाटन सत्र के बाद पंजीकरण प्रक्रिया के साथ 24 फरवरी की शाम को शुरू होगा और मुख्य कार्यक्रम 25 फरवरी को होगा। 24 फरवरी की रात्रि में अतिथियों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम और स्वागत रात्रिभोज का भी आयोजन किया जाएगा।

युवा20 का शुभारंभ 2012 में हुआ था और यह जी20 शिखर सम्मेलन का युवा प्रतिरूप है। यह वह एकमात्र औपचारिक रूप से मान्यता प्राप्त मंच है जो युवाओं को जी20 के साथ संवाद करने का अवसर प्रदान करता है। उभरते नेतृत्व के लिए एक सर्वाधिक प्रभावशाली अंतरराष्ट्रीय राजनयिक मंच के रूप में, युवा20 जी20 की छतरी तले काम करने वाले आठ आधिकारिक सहभागिता समूहों का हिस्सा है। युवा शिखर सम्मेलन की मेजबानी चक्रानुक्रम से जी20 की अध्यक्षता करने वाले देश द्वारा की जाती है, और युवाओं से उनकी प्रतिक्रियाएं जानने और उनकी अनुशंसाओं को अपने नीतिगत प्रस्तावों में शामिल करने के लिए युवा शिखर सम्मेलन आम तौर पर पारंपरिक फोरम से कई सप्ताह पहले होता है। यह जी20 की सरकारों और स्थानीय युवाओं के बीच संपर्क सेतु बनाने का एक प्रयास है।

इस वर्ष युवा20 की पांच थीमें हैं:-

1. कार्य का भविष्य : उद्योग 4.0, नवाचार और 21वीं शताब्दी,

2. शांति स्थापना और मेल-मिलाप : युद्धमुक्त युग में प्रवेश

3. जलवायु परिवर्तन और आपदा जोखिम न्यूनीकरण : संवहनीयता को जीवन पद्धति बनाना

4. साझा भविष्य : लोकतंत्र में युवा और शासन

5. स्वास्थ्य, कल्याण और खेलकूद : युवाओं हेतु एजेंडा।

भा.प्र.सं. रायपुर में युवा20 परामर्श कार्यक्रम "शांति स्थापना और मेल-मिलाप : युद्धमुक्त युग में प्रवेश" विषय पर केंद्रित होगा। इस कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय युवा मामलों के मंत्री और खेल मंत्री माननीय श्री अनुराग सिंह ठाकुर सुशोभित करेंगे। भा.प्र.सं. रायपुर के परिसर में

आयोजित युवा20 कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के 75 महाविद्यालयी छात्रों के साथ-साथ लगभग 250 विदेशी और भारतीय प्रतिनिधि शामिल होंगे।

इस आयोजन के बारे में बोलते करते हुए, डॉ. राम कुमार ककनी ने कहा, " आने वाली पीढ़ियों के लिए युद्ध कोई रास्ता नहीं है। युवा20 शिखर सम्मेलन परामर्श प्रक्रिया युवाओं के लिए अपनी आवाज उठाने और यह सुनिश्चित करने का एक आदर्श मंच है कि जटिल और आपस में जुड़े हुए मुद्दों पर इस शानदार शांति निर्माण प्रक्रिया को आधुनिक विचार संप्रदायों में उत्तम दृष्टि से देखा जाए।"

इस सम्मेलन में भारत सरकार की जनजातीय मामलों की माननीय राज्य मंत्री श्रीमती रेणुका सिंह सहित विश्व भर के गणमान्य व्यक्ति भाग लेंगे। माननीय राज्य मंत्री श्रीमती रेणुका सिंह द्वारा विशिष्ट अतिथि के रूप में इस सम्मेलन को संबोधित किया जाएगा। इस सम्मेलन की विशेषता कई पैनल चर्चाएँ, मुख्य भाषण और अनुभव सहभाजन सत्र होंगे। पहली पैनल चर्चा संघर्ष समाधान में युवाओं का मार्गदर्शन करने पर केंद्रित होगी, जिसमें मॉडरेटर भा.प्र.सं. रायपुर के विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर डॉ. प्रेम सिंह बोगज़ी के साथ यूएसए के पैसिफिक फोरम के क्षेत्रीय मामलों के निदेशक श्री रॉब यॉर्क, असम के पूर्व मुख्य सचिव और बोडोलैंड शांति वार्ताकार डॉ. अजय कुमार सिंह, बलरामपुर के एसपी और अग्रिम पंक्ति के एलडब्ल्यूई अनुभवी आईपीएस डॉ. मोहित गर्ग, जर्मनी के अंतर्राष्ट्रीय संघर्ष क्षेत्र के प्रतिष्ठित पत्रकार श्री रेनहार्ड बॉमगार्टन और नेहरू युवा केंद्र की युवा आइकॉन सुश्री प्रियंका बिस्सा शामिल होंगी। मुख्य भाषण यूएसए के पैसिफिक फोरम के क्षेत्रीय मामलों के निदेशक श्री रॉब यॉर्क द्वारा दिया जाएगा, जो शांति निर्माण के अंतरराष्ट्रीय प्रतिमानों के बारे में बात करेंगे। अनुभव सहभाजन पैनल शांति-निर्माण, शांति स्थापना और शांति व्यवस्था पर केंद्रित होगा जिसमें मॉडरेटर : टीएएस, बलौदाबाजार के डीसी श्री रजत बंसल के साथ एवीएसएम, वीएसएम, काउंटर-टेररिज्म एंड जंगल वारफेयर कॉलेज के पूर्व-निदेशक ब्रिगेडियर बसंत के पोनवार (सेवानिवृत्त), छत्तीसगढ़ राज्य पुलिस अकादमी के निदेशक आईपीएस श्री रतन लाल डांगी, श्रीनगर के उपायुक्त आईएएस मो. एजाज असद, फ्रांस के युवा 20 प्रतिनिधि श्री अरलो लार्ड और कॉलेज के प्रतिनिधि शामिल होंगे। तीसरी पैनल चर्चा में समुदायों के बीच आम सहमति बनाने की पड़ताल की जाएगी, जिसमें मॉडरेटर : डीसी रायपुर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे आईएएस के साथ छत्तीसगढ़ के मुंगेली के युवा नेता श्री नितेश कुमार साहू, जीन मौलिन यूनिवर्सिटी में सहायक प्रोफेसर डॉ. फिलिप आईबे अवोनो, वाई7/20223 जापान के अध्यक्ष श्री मित्सुकी सुदा, ट्रांसफॉर्म्ड कम्यूनिटी इन्फ्लूएन्सर श्री बी. मरकाम और पीस बिल्डिंग एंड रिजोल्यूशन की ट्रैक चेयर डॉ. अदिति नारायणी जैसे प्रसिद्ध पैनलिस्ट शामिल होंगे। यह सम्मेलन शांति निर्माण और संघर्ष समाधान के संबंध में विचारों और अनुभवों को साझा करने का मंच प्रदान करने का वादा करता है।

युवा20 परामर्श कार्यक्रम में केंद्रीय युवा मामलों के मंत्री और खेल मंत्री माननीय श्री अनुराग सिंह ठाकुर के साथ एक युवा संवाद का भी आयोजन किया जाएगा। यह युवा संवाद युवाओं के लिए माननीय मंत्री से सीधे जुड़ने और शांति स्थापना और समाधान पर अपने विचार और मत साझा करने का अनूठा अवसर होगा। श्री अनुराग सिंह ठाकुर को युवा सशक्तिकरण की वकालत करने और

सामाजिक विकास के साधन के रूप में खेलकूद को बढ़ावा देने के उनके प्रयासों के लिए जाना जाता है। आशा है कि यह संवाद शांति स्थापना और संघर्ष समाधान में युवाओं की भूमिका पर युवाओं के दृष्टिकोण के बारे में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा। युवा संवाद इस कार्यक्रम का अनिवार्य भाग है, जो शांति निर्माण प्रयासों में युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के प्रति आयोजकों की प्रतिबद्धता दर्शाता है।

भा.प्र.सं. रायपुर के लिए यह युवा20 परामर्श कार्यक्रम छात्रों और युवाओं के बीच शांति निर्माण के प्रति उत्साह को बढ़ावा देने हेतु अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने का एक बड़ा अवसर है। संस्थान इस कार्यक्रम की मेजबानी करते हुए गौरवान्वित है और सभी प्रतिभागियों का स्वागत करने के लिए उत्सुक है।

## IIM Raipur is all set to host Y-20 Consultation Event on 25th February

**Raipur, Chhattisgarh, 23rd February 2023:** Indian Institute of Management (IIM) Raipur is set to host the Youth 20 (Y20) Consultation Event on 25th February 2023. The programme will be initiated on $24^{th}$ February evening with a registration process followed by an ice-breaking session by Dr. Ram Kumar Kakani, Director, IIM Raipur and the main event will take place on $25^{th}$ February. A cultural programme and a welcome dinner are also organised for the guests on the night of $24^{th}$ February.

The Y20, which was established in 2012, is the youthful counterpart to the G20 Summits, and it is the solitary formally recognized platform that provides a means for young people to interact with the G20. As one of the most influential international diplomatic forums for emerging leaders, it is part of a group of eight official engagement groups that operate under the umbrella of the G20. The responsibility of hosting the youth summit falls on the G20 rotating presidency, and it typically occurs several weeks prior to the traditional forum to gather feedback from young people and incorporate their recommendations into their policy proposals. It is an effort to create a connection between the G20 governments and the local youth.

The year's five themes for Youth 20 are: -

1.Future of Work: Industry 4.0, Innovation, and the 21st Century,

2. Peacebuilding and Reconciliation: Ushering in an Era of No War

3. Climate Change and Disaster Risk Reduction: Making Sustainability a Way of Life

4. Shared Future: Youth in Democracy and Governance

5. Health, Wellbeing, and Sports: An Agenda for Youth.

The Y20 Consultation Event at IIM Raipur will focus on the theme of “Peace Building and Reconciliation: Ushering in an Era of No War”. The hon’ble Union minister for Youth Affairs & Sports, Shri Anurag Singh Thakur will be the chief guest at the event. About 250 foreign and Indian delegates, along with 75 college students from Chhattisgarh will be participating in the Y20 event at IIM Raipur campus.

Speaking about the event, Dr. Ram Kumar Kakani, said, “War is not the answer for the future generation. The Y20 summit consultation process is a perfect platform for the youth to share their voice and to ensure that this fantastic peace building process on complex and interconnected issues is viewed nicely in the modern-day schools of thought.”

The conference will be attended by dignitaries from across the world, including Smt Renuka Singh, Hon'ble MoS, Tribal Affairs, Gol, who will deliver the guest of honour address. The conference will feature several panel discussions, keynote speeches, and experience-sharing sessions. The first panel discussion will focus on channelizing youth in conflict resolution, featuring renowned panelists such as Shri Rob York, Director, Regional Affairs, Pacific Forum, USA, Dr Ajay Kumar Singh, Ex-CS, Assam, Bodoland peace negotiator, Dr Mohit Garg, IPS, SP, Balrampur, frontline LWE experience, Shri Reinhard Baumgarten, Reputed journalist, international conflict zones, Germany, and Sushree Priyanka Bissa, Youth icon, Nehru Yuva Kendra, with Moderator: Dr Prem Singh Bogzi, Visiting Distinguished Professor, IIM Raipur. The keynote speech will be delivered by Shri Rob York, Director, Regional Affairs, Pacific Forum, USA, who will speak about international models of peacebuilding. The experience-sharing panel will focus on peace-making, peacebuilding, and peacekeeping, featuring Brig. Basant K Ponwar, (Retd.), AVSM, VSM, Ex-Director, Counter-Terrorism and Jungle Warfare College, Shri Ratan Lal Dangi, IPS, Director, CG State Police Academy, Shri Mohd. Aijaz Asad, IAS, Deputy Commissioner, Srinagar, Shri Arlo Larde, Y20 Delegate, France, and a college representative with Moderator: Shri Rajat Bansal, TAS, DC. Balodabazar. The third panel discussion will explore building consensus among communities, featuring Shri Nitesh Kumar Sahu, Youth leader, Mungeli, Chhattisgarh, Dr. Philippe Eyebe Awono, Asst. Professor, Jean Moulin University, Shri Mitsuki Suda, President, Y7/20223 Japan, Shri B. Markam, Transformed community influencer, and Dr. Aditi Narayani, Track Chair, Peacebuilding and Reconciliation, with Moderator: Dr. Sarveshwar Narendra Bhure, IAS, DC Raipur. The conference promises to be a platform for sharing ideas and experiences in peacebuilding and conflict resolution.

The Y20 Consultation event will also host a youth dialogue with the Hon'ble Union Minister, Shri Anurag Singh Thakur, Youth Affairs and Sports, Govt. of India. The youth dialogue is a unique opportunity for young people to engage with the minister and share their ideas and opinions on peacebuilding and conflict resolution. Shri Anurag Singh Thakur is known for his advocacy of youth empowerment and his efforts to promote sports as a means of social development. The dialogue is expected to provide valuable insights into the perspectives of young people on the role of youth in building peace and resolving conflicts. The youth dialogue is an essential part of the event, reflecting the organizers' commitment to promoting youth engagement and participation in peacebuilding efforts.

The Y20 Consultation Event is a significant opportunity for IIM Raipur to showcase its commitment to promoting the enthusiasm of peace building among the students and the youth. The institute is proud to host this event and looks forward to welcoming the participants.